1 JAN- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 1/1/2026 8:56 PM Page 1


हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

4 कोरिया प्रीमियर लीग का खिताब हल्दीबाड़ी के नाम



## खबर संक्षेप

### बैंक में डिजिटल बैंकिंग वर्कशॉप



**बैकुण्ठपुर।** हाल ही में बैंक पहुंचे वरिष्ठ नागरिकों एवं किसानों के लिए न केवल बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया, बल्कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान भी प्रदान किया गया। इसी सेवा भाव और कुशल प्रबंधन का परिणाम रहा कि इस तिमाही में एक्सिस बैंक बैकुंठपुर शाखा ने ग्राहक संतुष्टि के मामले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। शाखा के ब्रांच मैनेजर संदीप चक्रबोरती एवं ऑपरेशन हेड श्रीमती सिंपल गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल बैंकिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिससे वे ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रह सकें और डिजिटल सेवाओं का सही उपयोग कर सकें, इसकी जानकारी प्रदान की गई।

### पीएम-अजय योजना 31 तक आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या., कोरिया द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम-अजय) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 81 इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य की पूर्ति 15 मार्च 2026 तक की जानी है। योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र एवं इच्छुक हितग्राहियों से 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या., कोरिया के कार्यपालन अधिकारी कमलेश देवांगन ने जानकारी दी है कि योजना के तहत प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम-अजय) योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से हितग्राहियों को बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण राशि का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपए (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएम-अजय योजना के अंतर्गत लघु उद्योग एवं व्यापार के लिए विभिन्न आयोजनक गतिविधियों के लिए ऋण प्रकरण बैंकों को भेजे जाएंगे। इनमें किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत व दुकान, टीवी-रेडियो- मोबाइल रिपेयरिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोना-पत्तल निर्माण सहित अन्य लघु एवं कुटीर उद्योग शामिल हैं। श्री देवांगन ने बताया कि इस योजना के लाभ के लिए पात्र व इच्छुक आवेदक जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए।

### 15 से तीन चरणों में ओलम्पिक प्रतियोगिता

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल क्षेत्र में युवाओं को उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचान कर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में कुल 12 खेलों के खेल स्पर्धाएं विकासखंड जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजित किए जायेंगे। प्रतियोगिता में 12 खेलों में एथलेटिक्स (100, 200, 400 मीटर लंबी कूद, ऊंची कूद शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, रस्साकशी केवल महिला सीनियर वर्ग के लिए, जिला स्तर पर हॉकी एवं कुश्ती की प्रतियोगिता की जानी है। प्रतिभागी 12 जनवरी तक पंजीयन करा सकते हैं तत्पश्चात 15 जनवरी से 18 जनवरी 2026 के मध्य विकासखंड स्तरीय, 22 जनवरी से 25 जनवरी तक जिला स्तरीय एवं 28 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य संभाग स्तरीय खेल का आयोजन किया जाएगा।

## पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी रही भीड़, मंदिरों में भी रही भीड़

# नए साल के जश्न में डूबे रहे जिलेवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नए साल के पहले दिन कोरिया व एमसीबी जिले के पर्यटन केन्द्र पर्यटकों से गुलजार रहे। नया साल 2026 के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए 1 जनवरी को कोरिया व एमसीबी जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में सैलानियों की जमकर भीड़ रही। वर्ष के पहले दिन कई लोग पर्यटन केन्द्रों में घुमने फिरने के अलावा पिकनिक मनाने के लिए पहुंचें। एमसीबी जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल अमृतधारा तथा कोरिया जिले के गौरघाट जल प्रपात पर्यटन स्थल पर सबसे ज्यादा सैलानियों की भीड़ उमड़ी रही।

दोनों ही जल प्रपात घने जंगलों के बीच से हसदों नदी की गिरती जलधारा के मनमोहक दृश्य को देखने एवं प्रकृति के बीच वनभोज का आनंद लेने के लिए कोरिया एमसीबी जिले के ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी परिवार के साथ एवं दोस्तों के साथ पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोग उक्त दोनों स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए जुटे रहे। नए साल के पहले दिन अमृतधारा एवं गौरघाट जल प्रपात स्थल पर दिनभर लोगों की भीड़ से दोनों पर्यटन स्थल गुलजार रहा। उल्लेखनीय कि अमृतधारा एवं गौरघाट जल प्रपात पर्यटन स्थल पर प्रतिवर्ष नए वर्ष के पहले दिन सबसे अधिक पर्यटक पहुंचते हैं, इसके अलावा कोरिया व एमसीबी जिले के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलो में भी पर्यटकों की भीड़ नए साल के पहले दिन देखने को मिली। इसके अलावा एमसीबी व कोरिया जिले के अन्य पर्यटन केन्द्रों में लोग साल 2026 के पहले दिन सैर करने के साथ पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे।



जश्न मनाते लोग।

### प्रकृति का नजारा देखने बालमगढ़ी पहुंचे लोग

नए साल 2026 के पहले दिन कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत स्थित गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र के घने जंगलों में स्थित बालमगढ़ी घाट स्थल पर भी काफी संख्या में लोग पहुंच कर प्रकृति के अद्भूत नजारे को मोबाइल कैमरे में कैद किए। बालमगढ़ी पहाड़ी से प्रकृति का मनमोहक नजारा देखने को मिलता है। शहर के भीड़-भाड़ से दूर प्रकृति के बीच पहुंच कर यहां कुछ सुकुल के पल बीताने के लिए नए साल के पहले दिन काफी लोगों की मौजूदगी रही।

### झुमका पर्यटन स्थल भी रहा गुलजार

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत झुमका वोट क्लब में नए साल के पहले दिन काफी संख्या में परिवार एवं दोस्तों के साथ पहुंचते रहे, इसके चलते दिन भर पर्यटन स्थल झुमका वोट क्लब में लोगों के भीड़ के चलते चहल-पहल बनी रही। यहां लोग झुमका बांध में वोटिंग का आनंद लेते रहे। उल्लेखनीय है कि झुमका पर्यटन स्थल पर हाउस वोट की सुविधा भी पर्यटकों को मिल रही है।

## नए वर्ष के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता



**मनेन्द्रगढ़।** नववर्ष के पावन अवसर पर एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। वर्ष के पहले ही दिन नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष रूप से मनेन्द्रगढ़ स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर व श्री सिद्ध बाबा धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर जय श्री श्याम ॐ नमः शिवाय के जयघोष से गूंजता रहा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालु अपने हाथों में गुलाब के फूल, नारियल एवं प्रसाद लेकर बाबा श्याम के दर्शन के लिए कतारबद्ध नजर आए। मान्यता है कि श्री श्याम बाबा को गुलाब का फूल अत्यंत प्रिय है, इसी कारण नववर्ष के दिन अधिकांश भक्त गुलाब अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, रोजगार, स्वास्थ्य और जीवन में उन्नति के लिए बाबा से आशीर्वाद लिया। खाटू श्याम मंदिर की विशेषता यह है कि यहां केवल स्थानीय श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के रामनगर, राजनगर, कोतमा, बिजुरी एवं शहडोल सहित अन्य क्षेत्रों से भी काफी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में खाटू श्याम बाबा के साथ-साथ सरासर बालाजी एवं श्री राणी सती दादी जी की प्रतिमाएं भी विराजमान हैं, जिनके दर्शन के लिए भी भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। नववर्ष के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

# सोनहत में जमीं बर्फ की परत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसके चलते लोगों की सुबह की दिनचर्या बिगड़ गई हैं। वहीं जिले के सोनहत वनांचल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज होने के कारण पाला पड़ रहा है। जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में स्थिति यह है कि बर्तन में थोड़ा पानी रखकर घर के बाहर रख देने से बर्तन में रखा पानी बर्फ बन जा रहा है, इससे पता चलता है कि सोनहत जनपद क्षेत्र में कितनी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद मुख्यालय में एक व्यक्ति ने 30 दिसंबर की रात्रि में थाली में पानी भरकर घर के बाहर रख दिया था और सुबह जब उठकर देखा तो थाली में भरा पानी बर्फ की मोटी परत के रूप में तब्दील हो गया था।

- कड़ाकें की ठंड का हो रहा एहसास

उल्लेखनीय है कि जिले का सोनहत जनपद क्षेत्र पठारी क्षेत्र होने के साथ ही वनांचल क्षेत्र में शामिल है और इस क्षेत्र में वनों की सघनता अधिक है, इसके चलते मदानी इलाको की अपेक्षा सोनहत पठारी क्षेत्र के वनांचल में सबसे अधिक ठंड का असर है। हालांकि दिन निकलने के बाद अधिक ठंड का असर नहीं हो रहा है, लेकिन शाम ढलने के बाद सोनहत जनपद क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शाम ढलने के बाद जैसे-जैसे रात ढलता जाता है, वैसे-वैसे न्यूनतम तापमान में गिरावट होती जाती है। यही कारण है कि सोनहत जनपद क्षेत्र में सूर्योदय के पूर्व परावट में बर्फ जमा दिखाई देता है तो दिन चढ़ने के साथ ही धीरे-धीरे पाला पानी बन जाता है।

हालांकि दिन निकलने के बाद सोनहत जनपद मुख्यालय सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में अधिक ठंड का असर लगातार धूप निकलने के कारण ज्यादा नहीं होता, लेकिन शाम ढलने के बाद तेजी से न्यूनतम तापमान में गिरावट होती है।





जमी बर्फ।

### दिन में तीखी लगने लगी धूप

जिले में सुबह व शाम ढलने के बाद तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ रहा है, लेकिन दोपहर के समय धूप में कुछ देर रहने पर तीखी लगने लगी है। वर्तमान में सुबह के कुछ घंटों तक ही धूप सुहानी लग रही है। दोपहर के समय अधिक देर तक धूप में रहने से चुभने लगी है। वहीं 14 जनवरी से सूर्य के उत्तरायण हो जाने के बाद दिनों दिन धूप और तीखी होने लगेगी। इस तरह सुबह और शाम ढलने के बाद ही तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा है।

### बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भी जोरों की ठंड पड़ रही है। शहर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज की गई। अभी कुछ दिनों से इसी आस पास न्यूनतम तापमान दर्ज की जा रही है। शहर के निकट मध्यम श्रेणी की बांध रामानुज प्रताप सागरबांध स्थित है उत्तर में कुछ किमी की दूरी पर मध्यम श्रेणी की दूसरी बांध गेज स्थित है, इसके चलते ठंडी हवाओं के चलने के कारण शहर के लोग शाम ढलने के बाद कंपकंपाने लग रहे हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से 17 गौवंशों की मौत



**बैकुण्ठपुर।** 31 दिसंबर को एक दर्जन से अधिक गौवंशों के लिए अंतिम दिन साबित हुआ। चरचा कॉलरी थानांतर्गत नगर रेल्वे स्टेशन के आगे रेल्वे ट्रेक पर आने से एक दर्जन से अधिक गौवंशों की ट्रेन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना 31 दिसंबर की शाम लगभग 6 बजे के करीब की बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलने पर गौ सेवक मौके पर पहुंचे तो उन्हें 14-15 गौवंश मृत पड़े मिले, वहीं दो गौ वंश गंभीर रूप से घायल पडे थे।



सूचना पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी रात्रि लगभग 7 बजे ⏭ शेष पेज 4 पर

### आईटीआई में ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिरमिरी में आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत की नंबर एक पैसेंजर कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा भव्य ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट ड्राइव 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे शासकीय आईटीआई चिरमिरी में आयोजित होगी। इस विशेष प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से योग्य एवं इच्छुक आईटीआई पासआउट अभ्यर्थियों को देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी में करियर बनाने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक,मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, वायर मैन, शीट मेटल, सीआई ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, टूल एंड डाई तथा पीपीओ ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# अवैध धान परिवहन व भंडारण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं धान खरीदी में अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम रनई में वाहन क्रमांक सीजी -16-सीएफ-2949 को अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक सतनारायण साहू पिता मालिकचंद साहू के कब्जे से अवैध धान जब्त कर वाहन सहित थाना पटना की सुपुर्दगी में दिया गया।

- प्रशासन ने की कार्रवाई

वहीं धान खरीदी केन्द्र जामपारा में की गई जांच के दौरान अवैध रूप से लाया गया 384 बोरी धान (लगभग 160 क्विंटल), दो ट्रैक्टर एवं एक माजदा 407 वाहन को अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की उपस्थिति में जब्त कर समिति प्रबंधक को सुपुर्द किया गया। यह धान बड़गांव निवासी माधोराम पिता सोनसाय द्वारा लाया गया था। इसी दिन एग्रो राइस मिल का भौतिक सत्यापन अनुविभागीय राजस्व, अधिकारी सहकारिता निरीक्षक बैकुंठपुर, खाद्य निरीक्षक बैकुंठपुर एवं विद्युत विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया गया। सत्यापन में पिछले वर्ष का 735 क्विंटल धान भौतिक रूप से अनुपलब्ध पाया गया। वहीं चालू वर्ष में अब तक 4400 क्विंटल धान का उठाव दर्ज किया गया, जो मिल में भौतिक रूप से मौजूद पाया गया। इसके अलावा राइस मिल के भौतिक सत्यापन में पिछले वर्ष का 500 क्विंटल धान कम पाया गया। चालू वर्ष में अब तक 2780 क्विंटल धान का उठाव किया गया, जो मिल में भौतिक रूप से उपलब्ध है। साथ ही मिल द्वारा पिछले दो माह का विद्युत बिल भुगतान लंबित पाया गया।



अवैध धान परिवहन करते पकड़े गए वाहन चालक।

बुधवार को तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं फूड इंस्पेक्टर सोनहत द्वारा सोनहत एवं रजौली समितियों की मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान सोनहत समिति में 25 बोरी (10 क्विंटल) अमानक धान को रिजेक्ट कर जब्त किया गया। जब्त धान फिलहाल समिति परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### प्रतिमाह 7 तारीख को मनेगा रोजगार दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन, आवास निर्माण में तेजी लाने तथा लाभार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम के निर्देशन में अब प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस भी मनाया जाएगा। इस निर्णय के तहत चावल उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के साथ ही आवास दिवस का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, इससे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़े हितग्राहियों को एक ही मंच पर जानकारी, मार्गदर्शन और समाधान उपलब्ध हो सकेगा। आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाएगा तथा 90 दिवस में आवास पूर्ण करने से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

## भव्यता के साथ संपन्न हुआ बहरूपिया महोत्सव

# लोक कला हमारी पहचान, इसे सहेजना है: श्यामबिहारी











हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नववर्ष की पूर्व संध्या पर मनेन्द्रगढ़ में आयोजित परंपरागत बहरूपिया महोत्सव भव्यता, अनुशासन और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

रंग, रूप और रचनात्मकता से सजी इस सांस्कृतिक संध्या ने लोक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत की और दर्शकों को देर शाम तक बांधे रखा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बहरूपिया जैसी लोक कलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान की आत्मा हैं, इन्हें जीवित रखना समाज और शासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी माध्यम भी बनते हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि लोक कलाकार समाज के दर्पण होते हैं। उनकी प्रस्तुतियों में संस्कृति, संस्कार और संदेश तीनों समाहित रहते हैं।

मनेन्द्रगढ़ की यह परंपरा आज भी जीवंत है। यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आयोजन समिति, कलाकारों और नगरवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को शासन स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान बहरूपिया कलाकारों की एकल और सामूहिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी। पौराणिक चरित्रों के साथ सामाजिक संदेशों से जुड़ी प्रस्तुतियों ने लोक कला की समृद्ध परंपरा को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण किया गया।

⏭ शेष पेज 4 पर

# सफाई कर्मियों को कंबल, गर्म टोपी भेंट कर किए सम्मानित

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में नपाध्यक्ष अरुण जायसवाल द्वारा अपने जन्मदिन को सेवा और संवेदनशीलता के संदेश के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों को कंबल व गर्म टोपी वितरित कर सम्मानित किया गया। ठंड के मौसम में यह पहल जरूरतमंद कर्मियों के लिए बड़ी राहत साबित हुई। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था की असली धुरी स्वच्छता दीदियां और सफाई कर्मचारी हैं। इस अवसर पर एसईसीएल सह क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, पूर्व नपाध्यक्ष बैकुंठपुर शैलेश शिवहरे, श्याम नारायण यादव, महेश यादव, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, राजेन्द्र चक्रधारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, कुंडल सायं, संजय देवांगन, सुभाष साहू, अंकित अग्रवाल, नीरज गुप्ता, काजल मोदी, राजेन्द्र पाल, मनीष गुप्ता, उमाशंकर, श्रीराम दुबे, खरवत ग्राम पंचायत सरपंच रामाशंकर सिंह, मुन्नाराम चक्रधारी सहित नगर पालिका कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### रासेयो द्वारा सात दिवसीय नशामुक्त युवा थीम शिविर किया गया शुरू

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम रतनपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया जा रहा है,शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के लीलू गुप्ता थे,अन्य अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, माखनलाल जायसवाल,भास्कर दास, सुमार साय मानिकपुरी रहे,शिविर के शुभारंभ सत्र के अवसर पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं रासेयो के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया,शिविर में रासेयो इकाई कंदरई के 78 स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीलू गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्त समाज की स्थापना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है,उन्होंने सभी युवाओं एवं ग्रामीण जनों से नशा से दूर रहने की अपील की,कैलाश सिरदार ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा एवं उत्साह होता है, इस कारण युवा समाज में बदलाव के वाहक होते हैं,उन्होंने सभी युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा अपने रचनात्मक कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं,कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत,स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी गुलाब राम यादव एवं आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी जयसिन्ता तिर्की द्वारा किया गया,कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता गणेश ठाकुर, सोनकुमारी सिंह,गीता यादव, सुषमा,सम्पूर्णा,ओंकार आदि सक्रिय रहे।

### गायत्री परिवार ने गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल व टोपी



**सूरजपुर।** गायत्री परिवार के उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पर्री में गरीब परिवार को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए वस्त्र वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने बस्ती में रहने वालों को कंबल व गर्म टोपी प्रदान किया गया। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा ने बताया कि नशा से दूर रहना है, नशा पूरे परिवार को नाश कर देता है। इस दौरान अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, शिवशकर साहू, विजय निगम, लोचन गुप्ता, अजय कुशवाहा, संत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंत्री प्रतिनिधि ने छात्राओं को वितरण किया स्वेटर



**रजपुरीकला।** शाला विकास समिति के सदस्य व मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वेटर एवं गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा चार अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, छात्राओं हेतु शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, पेयजल हेतु बोर खनन, विद्यालय भवन की पुताई जैसी आवश्यक मांग की। मंत्री प्रतिनिधि द्वारा सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही विद्यालय में रिक्त व्याख्याता पदों को जल्द भरने की भी सहमति दी गई।

### दिसंबर में 21 कोलकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों ,वर्कशॉप,कार्यालयों सहित अन्य कार्यस्थल पर तैनात 21 कोलकर्मी बुधवार 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए, सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में गायत्री खदान से बंधु राम, अवधेश सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल, रेहर खदान से शिवनाथ, संत राम, सुध राम, सजन राम, कुमदा सब एरिया से बोधन, मंगल साय, दिलीप कुमार सिंह, रामेश्वर, सुरेन्द्र प्रसाद, लिखन राम, बलरामपुर 10-12 खदान से जाकिर हुसैन, अमर सिंह, धनी राम, बिश्रामपुर ओसीएम से गोपी, आमगांव ओसीएम से अनिल कुमार सिंह,अब्दुल समद अंसारी एवं एरिया हेड क्वार्टर बिश्रामपुर से कुलदीप कुमार, मोनिका बड़ा के नाम शामिल हैं, सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई।

### कार्यभार ग्रहण न करने पर सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** युक्तियुक्तकरण 2025 के तहत अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर पदस्थापना हेतु 4 जून 2025 को जिला स्तरीय ओपन काउंसलिंग रखी गई थी। उक्त काउंसलिंग में शासकीय प्राथमिक शाला अमदरी के सहायक शिक्षक एलबी सुखदेव राम बेक की उपस्थिति एवं शाला चयन सहमति पत्र के आधार पर सहमति पदस्थापना आदेश शासकीय प्राथमिक शाला औराझरिया में किया गया था। उक्त सहमति पदस्थापना आदेश के बावजूद सुखदेव राम बेक निर्धारित समयावधि तक नवीन पदस्थापना शाला में आज दिनांक तक अपने नवीन पदांकित शाला शासकीय प्राथमिक शाला औराझरिया, विकासखंड रामचंद्रपुर में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

# ग्रामीण ने आंगन बाड़ी भवन के लिए ग्राम पंचायत को की भूमि दान

भानू प्रताप सिंह

- जमीन मे अभाव में ग्राम पंचायत में नहीं बनी आंगन बाड़ी भवन
- एक साल पहले हुई थी राशि स्वीकृत

अलग खबर



**अम्बिकापुर।** आंगनबाड़ी का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में सही तरीके से हो इसके लिए खुद का भवन होना अनिवार्य है। भवन के अभाव में आंगन बाड़ी केन्द्र का संचालन न सिर्फ प्रभावित होता है बल्कि आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ गर्भवती माताओं व बच्चों को सही तरीके से नहीं मिलता। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत तरागी है जहां आंगनबाड़ी के लिए भवन निर्माण की राशि स्वीकृत तो गई लेकिन भवन निर्माण के लिए गांव में भूमि ही नहीं मिली। ग्राम पंचायत के लोग आंगनबाड़ी केन्द्र से वंचित न रह जाए इसे ध्यान में रखकर गांव के ही एक ग्रामीण ने अपनी निजी भूमि का कुछ हिस्सा ग्राम पंचायत को भवन निर्माण के लिए दान कर दिया। ग्रामीण की इस पहल से गांव के लोग न सिर्फ खुश है बल्कि ग्रामीण की काफी सराहना कर रहे है।

विकास खंड बतौली के ग्राम पंचायत तरागी में आंगनबाड़ी का संचालन हो और गांव की गर्भवती माताओं एवं बच्चों को आंगनबाड़ी का लाभ मिले इसके लिए वर्ष 2024 आंगनबाड़ी भवन के लिए 11 लाख 79 हजार की स्वीकृति मिली थी। राशि स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए गांव में भूमि की तलाश शुरू की गई। आंगनबाड़ी भवन निर्माण की राशि स्वीकृत होने से ग्रामीण काफी खुश थे लेकिन ग्रामीणों की खुशी उस समय निराशा में बदल गई जब ग्राम पंचायत को एक साल में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि नहीं मिली। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जगह चिन्हांकित कर निर्माण प्रारंभ किया गया लेकिन कुछ दिन बाद ही भूमि स्वामी भवन निर्माण करने से मना कर दिया जिससे ग्राम पंचायत के समक्ष आंबा भवन निर्माण को लेकर भूमि की समस्या खड़ी हो गई। इस बीच ग्राम पंचायत के सरपंच ने गांव के ही विनय आ. छन्नू की खाली भूमि में से कुछ हिस्सा आंगनबाड़ी भवन के लिए देने की मांग की। विनय ने ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी नहीं होने तथा गांव की गर्भवती माताओं एवं छोटे बच्चों को दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में जाने से परेशानी को ध्यान में रख कर अपनी निजी भूमि में से तीन डिसमिल भूमि आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को दान कर दी। आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध होने पर सरपंच द्वारा हालही में भवन निर्माण शुरू कराया है। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन अब डोर लेबल तक बन गया है। सरपंच का कहना है कि दो माह के भीतर आंगन बाड़ी भवन बनकर तैयार हो जाएगा और भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन भी प्रारंभ कर दिया जाएगा।

#### परिवार के लोग है खुश

भूमि दान करने वाले विनय के भाई बहादुर राम पैकरा का कहना है विनय ने जो आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि दान कर सराहनीय कार्य किया है। भूमि दान करने से परिवार के सभी लोग खुश है। गांव के लोग भी इस कार्य की सराहना कर रहे है। हम लोगों की इच्छा है कि ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो और इसका लाभ ग्राम पंचायत के लोगों को मिले।

#### आंगनबाड़ी केंद्र का मिलेगा लाभ

लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा खास कर गर्भवती माताओं एवं छोटे छोटे बच्चों को सुविधा मिलेगी। सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई की ओर रुझान हो इसके मद्देनजर आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र में जहां छोटे बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है वहीं गर्भवती माताओं का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। अब गांव में आंगनबाड़ी भवन बनने से सभी को इसका लाभ मिलेगा।

#### किया है भूमि दान

ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति व राशि मिली है। गांव में भवन निर्माण के लिए भूमि नहीं मिल पा रही थी। गांव के ही विनय से उसकी निजी भूमि का कुछ हिस्से की मांग की गई तो उन्होंने तीन डिसमिल भूमि आंगन बाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को दान की है। भवन निर्माण शुरू कर दिया है और डोर लेबल तक निर्माण हो चुका है।

**-लक्ष्मण राम,** सरपंच ग्राम पंचायत तरागी

### दरिमा रोड स्थित एक गोदाम से बरामद किया 40 लाख कीमत की 300 पेटी शराब

# साल के अंतिम दिन संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा अंग्रेजी शराब का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- नए साल में हरियाणा की शराब को खपाने लाया गया था शहर

संभाग में बड़े पैमाने पर दिगर राज्यों की शराब को खपाने का कार्य लंबे समय से जारी है। पूर्व में भी कई अवैध कारोबारी आबकारी विभाग के हत्थे चढ़ चुके है और उनके पास से बड़ी मात्रा में दिगर राज्यों की शराब जब्त की गई है। नए साल के आगमन व नव वर्ष के के मद्देनजर संभाग में नशे के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध संभागीय उड़नदस्ता टी द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में आज संभागीय उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने दरिमा रोड स्थित एक गोदाम में दबिश देकर 40 लाख कीमत के 300 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया साथ ही शराब विक्रेता को धर दबोचा। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

नए न्यू ईयर को लेकर अंग्रेजी शराब के अवैध कारोबारी न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि दूसरे राज्यों से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब अपने गोदाम व अन्य जगह संग्रहित कर रखने लगे है। ऐसे में संभागीय उड़न दस्ता की टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न गांवों में गश्त बढ़ा दी है। वर्ष के अंतिम दिन आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय अब तक की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी, जब मुखबिर की सूचना पर दरिमा मेन रोड मानिक प्रकाश पुर में एक किराए के गोदाम से 40 लाख कीमत के 300 पेटी हरियाणा राज्य की अंग्रेजी शराब हो जब्त किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नए वर्ष के अवसर पर अवैध मदिरा के तस्करी की पूरी संभावना के मद्देनजर क्षेत्र में अपने मुखबिर लगा रखा था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दरिमा मेन रोड मानिकप्रकाशपुर समीप दीपक ट्रांसपोर्ट का मालिक सौरभ सिंह भारी मात्रा में हरियाणा राज्य के अंग्रेजी शराब मंगाया है और गोदाम में रखकर विभिन्न जगह खपाने के फिराक में है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता सुबह ही सौरभ सिंह को उसके घर से हिरासत में लेकर उसके किराए के गोदाम में ले गए। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने जब गोदाम की तलाशी ली गई तो उनके होश उड़ गए। गोदाम में अंग्रेजी शराब का जखीरा था। टीम ने गोदाम से लगभग 40 लाख कीमत के हरियाणा राज्य की 300 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। टीम ने शराब को जब्त कर ट्रांसपोर्ट के मालिक सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी, मुख्य आरक्षण कुमारू राम, अशोक सोनी रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं आबकारी स्टाफ नीरज चौहान सक्रिय रहे।



जब्त शराब के साथ आबकारी अधिकारियों की गिरफ्त में आरोपी।

#### पहले भी पकड़ गया था सौरभ सिंह का मैनेजर

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की पहले भी सौरभ सिंह के दीपक ट्रांसपोर्ट गोदाम से उसके मैनेजर बाल भगवान पांडे के कब्जे से पंजाब राज्य के 14 लाख कीमत के 165 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया था। बाल भगवान पांडे पूर्व में शराब ठेकेदार के साथ काम करता था। परंतु अंग्रेजी शराब ठेका पद्धति समाप्त होने के बाद वह खुद का कारोबार शुरू किया था। मैनेजर को जेल डाला गया था इसलिए मुखबिर की सूचना विश्वसनीय लगी और सफलता भी हाथ लगी। सरगुजा संभाग की आबकारी विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है, जो आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा की गई है।

#### लगातार की जाएगी कार्रवाई

संभाग में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान लगातार जारी रहेगा। नव वर्ष पर शहर के विभिन्न जगहों में बेचने के फिराक से हरियाणा से अंग्रेजी शराब मंगा कर गोदाम में रखा था। मुखबिर की सूचना पर बड़ी सफलता मिली। इस प्रकार की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी



## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में रैली निकाल ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 29 से 31 दिसंबर तक प्रदेशभर में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। जिले के सुदूर अंचलों के सभी कर्मचारी-अधिकारी रैली में शामिल हुए और आवाज बुलंद किए। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों से इस ऐतिहासिक आंदोलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांग में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों व पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करने, डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित अन्य मांग शामिल है। जिला संयोजक ने बताया कि आज उक्त मांगों के निराकरण के लिए सरकार को ध्यानाकर्षण कराया गया है, यदि जल्द ही इस पर विचार नहीं किया गया तो आगामी समय में पूरे प्रदेश में तालाबंदी कर वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिमा सिंह, मो.इकबाल अंसारी, सचिन त्रिपाठी, मनीष दीपक साहू, निर्मल भट्टाचार्य, विजय साहू, महेश पैकरा, गोपाल विश्वकर्मा, आदेश कुमार रवि, राधेश्याम साहू, रमेश राजवाड़े, श्रीमती ज्योतिष, साधना श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, आरबी शुक्ला, वेद प्रकाश, धीरेंद्र उपाध्याय, राजकुमार सिंह, कमलेश यादव, प्रदीप सिंह, रामनिवास साहू, सतीश प्रताप सिंहदेव, कृपालनाथ तिवारी, महावीर ठाकुर, विन्देश गुप्ता, ज्योति साधना, माया शर्मा, अनुरंजन देव सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## सलका टीम ने जीती मां महामाया कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**सलका अधिना।** सलका हाई स्कूल मैदान पर 22 दिसंबर से चल रहे मां महामाया कप ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि सफी अहमद की उपस्थिति में खेला गया। फाइनल मुकाबला महेशपुर और सलका के बीच संपन्न हुआ जिसमें महेशपुर की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 154 रन ही बना सकी। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलका सी की टीम ने चार विकेट खोकर 12 वें ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया। टीम के सागर पाण्डे ने 22 गेंद में 64 रन वहीं विकास गुप्ता ने 18 दिन में 44 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। विजेता टीम को 30 हजार रुपए नगद व शील्ड और उपविजेता टीम को 15 हजार नगद रूपए व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के दौरान 14 साल से छोटे बच्चों का भी मैच हुआ था जिसमें टुकटुक इलेवन ने मैच जीता इन्हें भी कप प्रदान किया गया। इस दौरान नीरू श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, अनुराग सिंह, शिव कुमार अगरिया, देवेंद्र, राघवेंद्र, दीपेंद्र, संतोष, प्रेमचंद, सतीश, रविकरण, आशीष,सुदामा, कृष्णा, सुशील सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से नवाटोला से घुईडीह तक पक्की सड़क की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

- जन प्रतिनिधियों ने बाइक से लिया सड़क का जायजा



भटगांव विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्र में 150.56 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में नवाटोला मुख्य मार्ग से घुईडिह तक लगभग 25 किलोमीटर अनुमानित लागत 28 करोड़ 99 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिस पर कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, जिला उपाध्यक्ष शोभनाथ राजवाड़े, मण्डल उपाध्यक्ष प्रवीण गुर्जर, बृजेश कांशी, प्रियंशु यादव व अधिकारियों ने बाइकसे सड़क का जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि बेलामी, बांकी, गढ़ईपारा जैसे क्षेत्रों में आजादी के बाद से आज तक कोई भी विधायक मंत्री नहीं पहुंचा था। लेकिन कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ही ऐसे विधायक हैं जिन्होंने ने चुनाव के समय दो साल पूर्व यहां पहुंची थीं। उन्होंने ने मूलभूत सुविधा 25 किलोमीटर सड़क निर्माण करने की घोषणा की थी। अब ऐसे में सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस सड़क का निर्माण होने से हरिहरपुर, बेलामी, बांकी, गढ़ईपारा, घुईडिह, छतरंग जैसे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी। साथ ही आवागमन में सुविधा होगी।

लोगों को बनारस जैसे जगहों पर जाने के लिए कम दूरी तय करना पड़ेगा। इस मार्ग के बनने से गढ़ई व कागज नालों पर पर्यटन स्थल की अपार संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। क्योंकि यह सड़क नदी के किनारे होते हुए गुजरेगी। क्षेत्र में बहुत सारे मनमोहन दृश्य है जो मैनपाट से भी बेहतरीन नजारे है। क्योंकि ओड़गी के इस क्षेत्र को प्राकृतिक सौंदर्य का हृदय स्थल माना जा रहा है। इस कार्य की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में उत्साह है।

## नववर्ष के आगमन पर एसएसपी ने शहर में लगाई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



- नए साल की जश्न पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

अगर आप नए साल का जश्न मनाने जा रहे हैं और नशे में हैं या फिर रैश ड्राइविंग कर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि नए वर्ष में हुड़दंगियों को रोकने के लिए पुलिस ने विशेष तैयारी की है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नववर्ष के आगमन पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों, पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सीएसपी व एसडीओपी सहित थाना-चौकी प्रभारियों को 31 दिसम्बर के रात्रि 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक प्रभावी रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने, फिक्स प्वाईंट पर सजगता से चेकिंग करने, ड्रंक एंड ड्राईव और यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्रवाई तथा नए वर्ष में जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी। नववर्ष के दौरान 7 राजपत्रित अधिकारी सहित निरीक्षक व करीब 500 पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती की गई है। एएसपी संतोष महतो के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर गलत अफवाहो पर ध्यान न दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को दे। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



#### नए साल के जश्न में हुड़दंग करने वालों पर होगी पुलिस की कड़ी नजर

**बलरामपुर।** नए साल के मौके पर पर्यटन स्थलों के साथ ही जिले में चौक चौराहों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। इस दौरान हुडदंग मचाने और नए साल के जश्न में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साल 2026 के स्वागत को लेकर जिले में खासा उत्साह है। इस दौरान जिले के पर्यटन स्थल गुलजार हो चुके है और लोग पिकनिक मना रहे है। इस बीच नए साल के जश्न को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एसपी वैभव बैंकर ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए है। जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट व पर्यटन स्थलों पर 300 से अधिक पुलिसकर्मियों, 50 से अधिक होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग टीम, फिक्स पिकेट के जरिए अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। शराब पीकर व नशे में हुड़दंग करने वालों, यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। 31 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी की शाम तक दर्शनीय, पिकनिक स्थल, होटल, ढाबा, रिसॉर्ट और अन्य पार्टी स्थलों पर पुलिस की रहेगी सख्त निगरानी। इस दौरान डीजे निर्धारित समय अवधि एवं निर्धारित डेसीबल में ही बजाने की अनुमति होगी, नियम नहीं मानने पर डीजे जब्ती व वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी वैभव बैंकर के निवासियों से आह्वान किया है कि नया साल खुशियों मनाने का है, हुड़दंग का नहीं, पुलिस अलर्ट है, सीसीटीवी कैमरे एक्टिव हैं, नियमों को मानिए, पुलिस का सहयोग करें।

## बिरला स्कूल में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध डांसरों का स्वागत

**अंबिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में आज उस समय उत्साह का माहौल बन गया जब देश के लोकप्रिय युवा डांसर हिमांशु पॉप, स्नेहा वर्मा और अर्जुन साठे स्कूल परिसर पहुंचे, इस दौरान विद्यालय में कलाकारों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डांसरों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा नृत्य के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को बताया कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के माध्यम से किसी भी मंच पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक डांस सेशन/प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने अत्यंत सराहा। विद्यालय के उप निदेशक सूरज मित्तल, प्रधानाचार्य मनोज कर्माकर और कुनाल गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय परिवार ऐसे रचनात्मक आयोजनों को आगे भी निरंतर आयोजित करता रहेगा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध होगा।



स्वागत नववर्ष



# 2026 में लगा 5250 करोड़ का दांव!

## इन पांच अपकमिंग फिल्मों से दहलेगा बॉक्स ऑफिस




साल 2025 में छावा, सैयारा और धुरंधर जैसी फिल्मों के तूफान ने अब 2026 के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह साल इन तीन फिल्मों के लिए सबसे खास रहा। एक हिस्टोरिकल, एक रोमांटिक और एक स्पाई थ्रिलर का जलवा इतना जबरदस्त रहा कि मेकर्स मालामाल हो गए। अब इंतजार साल 2026 का है। नए साल में नया धमाका होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिन पर मेकर्स बेतहाशा पैसा लगा रहा हैं। इस साल पांच बड़ी फिल्मों पर 5 हजार से भी ज्यादा का दांव लगाया गया है।

### बॉर्डर 2

सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारों से सजी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का बजट 150 से 300 करोड़ रुपए के बीच बताया जा रहा है।

### धुरंधर 2

आदित्य धर निर्देशित धुरंधर की सफलता के बीच इसके दूसरे पार्ट यानी धुरंधर 2 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म चार महीने के अंदर ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। यह 2026 की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में से एक है जो अगले साल 19 मार्च को बड़े पर्दे पर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले और दूसरे पार्ट को मिलाकर मेकर्स ने करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




### रामायण

2026 में रिलीज हो रही सबसे बड़ी फिल्मों में एक नाम रामायण का भी है जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से चर्चा है। दो पार्ट में रिलीज हो रही फिल्म पर कथित तौर पर 4000 करोड़ रुपए बजट लगाया जा रहा है। पहला पार्ट 2026 की दीवाली पर रिलीज होगी और दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभाते हुए दिखाई देंगे।

### लव एंड वॉर

हीरामंडी सीरीज के बाद अब संजय लीला भंसाली लव एंड वॉर लेकर आ रहे हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कथित तौर पर इस फिल्म को 200 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है।

### किंग

तीन साल बाद फिर से बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान की वापसी होने जा रही है। वह सिद्धार्थ आनंद निर्देशित किंग में नजर आएंगे जो अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं की गई है। फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।





# 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुईं इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।



हॉलीवुड मसाला



# डूम्सडे में थॉर की वापसी का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं, अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई।



# टायरीज ने 14 साल की उम्र में सड़कों पर देखे थे दंगे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टायरीज डार्नेल गिब्सन ने एक ऐसी फिल्म की थी, जिसमें काम करते वक्त इनकी रूह कांप गई थी। जानते हैं क्यों? लॉस एंजिल्स के जिस दंगे पर ये फिल्म बनी थी इन्होंने अपने सामने होते हुए देखे थे। तब वो महज 14 साल के थे। उन्होंने सड़कों पर लूटपाट, दंगे और विरोध प्रदर्शन देखा था, और फिल्म करते वक्त वो सब मंजर आंखों के आगे तैर गया था। टायरीज का बचपन काफी स्ट्रगल से भरा रहा। वे लॉस एंजिल्स के वॉट्स इलाके में पले-बढ़े, जिसे अमेरिका के डिफिकल्ट सोशल एरियाज़ में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में उन्होंने ऐड से कॅरियर की शुरुआत की। 1990 के दशक में एक कोका-कोला ऐड से उन्हें पहली बार काफी पहचान मिली। इसके बाद उनका इंटरेस्ट म्यूजिक की ओर गया और 1998 में उन्होंने अपना पहला आर एंड बी एल्बम टायरीज रिलीज किया, जो काफी सफल रहा।

टीवी मसाला




# केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आय़ा है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करें तो यह शो नॉलेज देने के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के प्रमोशन का हॉटस्पॉट भी बन गया है।

# नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत', एआई से दिखाए जाएंगे कैंची धाम बाबा के चमत्कार

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।



**2 साल से चल रहा काम** : इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा है, जिसमें रिसर्च भी शामिल है। इसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और क्रिएटिव एक्सपर्ट्स की भी मदद ली गई है ताकि प्रेजेंटेशन पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

### 20 भाषाओं में बनेगी 'संत' सीरीज

नीम करोली बाबा पर 'संत' सीरीज को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें **AI** की मदद ली जाएगी और नीम करोली बाबा के विजुअल्स तैयार किए जाएंगे। साथ ही इसमें लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट और हाई-एंड वीएफएक्स भी भरपूर होंगे ताकि अलग-अलग कालखंडों और घटनाओं को उसी तरह से प्रभावशाली ढंग से दिखाया जा सके, जैसी वो घटी थीं।

# 2026 में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहीं हॉलीवुड की ये फिल्में

**मुंबई।** साल 2026 आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नए साल के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों की जबरदस्त हलचल देखने को मिलेगी। सुपरहीरो यूनिवर्स, ऐनिमेशन, हॉरर और एडवेंचर से भरपूर कई बड़ी फिल्में 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

**स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे** : मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म स्पाइडरमैन फ्रैंचाइजी को एक नए दौर में ले जाती है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। 'नो वे होम' के बाद पीटर की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है और यही बदलाव इस फिल्म की कहानी की बुनियाद बनेगा। फिल्म में जेंडाया और जैकब बैटलोन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये फिल्म 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**अवेंजर्स डूम्सडे** : मार्वल यूनिवर्स की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स डूम्सडे' को फेज-6 की सबसे निर्णायक फिल्म माना जा रहा है। इस बार कहानी मल्टीवर्स के सबसे खतरनाक खतरे पर आधारित होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में कई पुराने एवेंजर्स के साथ नए सुपरहीरो भी शामिल होंगे। यह फिल्म 2026 के अंत में 18 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**टॉय स्टोरी 5** : पिक्सार की सुपरहिट एनिमेटेड सीरीज 'टॉय स्टोरी' की पांचवीं फिल्म बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी भावुक करने वाली है। वुडी, बज और उनके दोस्त एक नई दुनिया और नई चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट पोर्टल्स के अनुसार 'टॉय स्टोरी 5' 2026 की 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।








**28 ईयर्स लेटर- द बोन टेंपल** : हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 28 ईयर्स लेटर फ्रैंचाइजी की यह अगली कड़ी किसी तोहफे से कम नहीं है। 28 ईयर्स लेटर में वायरस से तबाह दुनिया की कहानी को और भी डरावने और यथार्थ रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म में नए कलाकारों के साथ पुराने किरदारों की झलक भी देखने को मिल सकती है। ये फिल्म अगले साल 16 जनवरी को दस्तक देने जा रही है।

**जुमानजी 3** : ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक स्टारर 'जुमान जी' एक बार फिर एडवेंचर और कॉमेडी का तड़का लगाने आ रही है। इस बार जुमांजी की दुनिया और भी खतरनाक और रहस्यमयी होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फिल्म 11 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

**द ओडिसी** : प्रसिद्ध ग्रीक महाकाव्य पर आधारित द ओडिसी एक भव्य ऐतिहासिक-एडवेंचर फिल्म होगी। इसमें युद्ध, साहस और इंसानी संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा। हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां इस प्रोजेक्ट को अवॉर्ड-कंटेंडर मानकर चल रही हैं। ये फिल्म अगले साल 17 जुलाई को रिलीज होने जा रही है।

**द मंडलोरियन एंड ग्रोगु और सुपरगर्ल** : स्टार वॉर्स यूनिवर्स की यह फिल्म डिज्नी प्लस की लोकप्रिय सीरीज को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। मंडलोरियन और ग्रोगु की जोड़ी एक नए मिशन पर निकलती नजर आएगी। इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म 2026 की 22 मई को रिलीज होने वाली है।

**स्ट्रीट फाइटर** : फेमस वीडियो गेम पर आधारित स्ट्रीट फाइटर एक बार फिर लाइव-एक्शन अवतार में लौट रही है। फिल्म में दमदार फाइट सीक्वेंस, नए किरदार और हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिलेगा। मेकर्स इसे ग्लोबल ऑडियंस के लिए बड़े स्तर पर पेश करने की तैयारी में हैं। ये फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### लोको पायलट ने पेश की मिसाल लैपटाप से भरा बैग लौटाया



**हसौद।** बेतवा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए लेपटाप से भरा बैग को जीआरपी पुलिस को लौटाया। जिसके बाद पुलिस ने बैग मालिक को वापस कर दिया। गौरतलब है कि बेतवा एक्सप्रेस में 30 दिसंबर की रात न्यू कटनी ब्रिज के पास एक यात्री आशीष पूर्व छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ती का लैपटॉप बैग चोरी हो गया। जैसे ही बैग खिसकाया गया, आशीष की नींद खुल गई, लेकिन चोर ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आशीष ने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई। आशीष ने जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ति के अपने पूर्व छात्र साथियों मुकेश जायसवाल के साथ कालिदास महंत, अनिमेष राठौर और युवराज सिंह से संपर्क किया। अगले स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने आशीष का बयान लिया और खोजबीन शुरू की। इसी दौरान शहडोल रेलवे पुलिस बल को सूचना मिली कि एक लोको पायलट विष्णुकांत तिवारी को मालगाड़ी में लटका हुआ बैग मिला है। लोको पायलट ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। जांच में पाया गया कि बैग में रखा लैपटॉप और अन्य सामान पूरी तरह सुरक्षित है। जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अदीप मिश्रा, एस. के. कश्यप और के. के. पटेल ने सभी पूर्व छात्रों द्वारा एकजुट होकर त्वरित और संवेदनशील तरीके से किए गए प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### समर्थन मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था से धान विक्रय हुआ आसान



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में संचालित समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन रही है। योजना के अंतर्गत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हो रही धान खरीदी, साथ ही धान खरीदी केंद्रों में की गई बेहतर, सरल और सुगम व्यवस्थाओं ने किसानों का भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ाया है। जिले के ग्राम सुकली निवासी किसान श्री भीम गोंड़ की कहानी इसी सुशासन और किसान-हितैषी व्यवस्था की जीवंत मिसाल है। वर्षों की मेहनत, आधुनिक खेती के अनुभव और शासन की पारदर्शी प्रणाली का परिणाम रहा कि उन्होंने धान खरीदी केंद्र पेंड्री में 116 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। किसान भीम गोंड़ बताते हैं कि इस वर्ष ऑनलाइन 24×7 टोकन व्यवस्था ने पूरी प्रक्रिया को आसान बना दिया। न तो भीड़ का सामना करना पड़ा, न ही लंबी कतारों में समय गंवाना पड़ा। तय समय पर केंद्र पहुँचते ही नमी परीक्षण, तौल और विक्रय की सभी प्रक्रियाएँ सहजता से पूर्ण हो गईं। समय पर भुगतान मिलने से उन्हें यह विश्वास हुआ कि अब किसान अपनी उपज पूरे आत्मसम्मान के साथ बेच पा रहे हैं।

## मो स्पोर्टिंग क्लब गोदरीपारा को 1-0 से हराया

# कोरिया प्रीमियर लीग का खिताब हल्दीबाड़ी के नाम

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में डोमनहिल स्थित अमरकुंज क्रीड़ांगन में आयोजित कोरिया प्रीमियर लीग नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आजाद क्लब हल्दीबाड़ी एवं मां स्पोर्टिंग क्लब गोदरीपारा के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में आजाद क्लब हल्दीबाड़ी ने 1-0 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता कप अपने नाम किया।

बीते 21 दिसंबर से प्रारंभ हुए इस टूर्नामेंट में जिलेभर की लगभग 18 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें से फाइनल तक पहुंचने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर रामनरेश राय, टूर्नामेंट संरक्षक एवं नगर निरीक्षक विजय सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर डोमरू रेड्डी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुभाष कश्यप एवं आशीष मजूमदार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात फाइनल मुकाबले का शुभारंभ हुआ। मैच के दौरान दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। आजाद क्लब हल्दीबाड़ी ने बेहतर तालमेल और रणनीति के दम पर एकमात्र निर्णायक गोल दागा। वहीं मां स्पोर्टिंग क्लब गोदरीपारा ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति और गोलकीपर की सतर्कता के कारण सफलता नहीं मिल सकी। टूर्नामेंट संरक्षक विजय सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और नई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। उन्होंने चिरमिरी फुटबॉल संघ के सचिव कंचनपाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में यहां से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभरेंगे। जिला फुटबाल संघ के सचिव तथा रीजनल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार बिराजी ने कहा कि खेल प्रारंभ होते ही सभी प्रकार की व्यवस्था अपने आप होने लगता है। इस मैदान पर खेल रहे बच्चे यदि निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखेंगे तो आने वाले समय में भी जिला प्रदेश और आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। मुख्य अतिथि महापौर श्री राय ने कहा कि खेल मैदान अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाते हैं। जीत और हार दोनों जीवन का हिस्सा हैं, उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। मैन ऑफ द मैच उत्तम साहनी आजाद स्पोर्टिंग हल्दीबाड़ी, मैन ऑफ द मैच जग्गा, बेस्ट गोलकीपर अफजल खान महामाया स्पोर्टिंग क्लब, कोरिया, बेस्ट डिफेंडर नाहक सिंह महामाया क्लब गोदरीपारा ने टूर्नामेंट का आंखों देखा हाल सुशांत घोष ने प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन सुनील कुमार ने किया। मैच में निर्णायक की भूमिका रणधीर ठाकुर, चंद्रशेखर पोली, पूरन कश्यप, सुनील कुमार, आदित्य यादव, शिवकुमार, शिव विश्वकर्मा, देवानंद चौहान, प्रदीप कुमार एवं प्रदीप सिदार ने निष्पक्षता के साथ निभाई।




# जन्म-मृत्यु पंजीयन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में जन्म-मृत्यु पंजीयन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक विगत मंगलवार को आयोजित की गई। यह समिति छग शासन के निर्देशानुसार गठित की गई है। बैठक में अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का समय पर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में ऑनलाइन पंजीयन की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य के अनुरूप प्रगति, मृत्यु के कारणों से संबंधित चिकित्सीय प्रमाण पत्र (एससीसीडी), मासिक प्रसव एवं जन्म पंजीयन की स्थिति, तथा प्रचार-प्रसार के लिए पंजीयन इकाइयों में पोस्टर वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों की पहचान, जांच एवं रोकथाम को लेकर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित विलंबित पंजीयन के नियमों की जानकारी देते हुए अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय सहित सभी शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों व घर में घटित होने वाली जन्म एवं मृत्यु की प्रत्येक घटना का संबंधित पंजीयन इकाई द्वारा तत्काल पंजीयन हो जाए। राज्य में जन्म-मृत्यु पंजीयन की स्थिति को सुदृढ़ करने एवं शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत सचिवों तथा नगरीय क्षेत्रों में संबंधित निकायों के रजिस्ट्रार को अपने अधिकार क्षेत्र में घटित समस्त घटनाओं को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सर्वसम्मति से जिले में जन्म-मृत्यु पंजीयन को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

## प्राकृतिक के बीच मंदिर...



बैकुण्ठपुर। सोनहत के निकट जंगलों के बीच बने देवी धाम मंदिर में एक वृक्ष को बचाते हुए मंदिर का निर्माण कराया गया। वृक्ष साक्षात देवता है और मंदिर उसका आंचल। जंगल में प्रकृति और परमात्मा का अद्भूत संगम देखने को मिला।

# मेडिकल कॉलेज के नाम एक और उपलब्धि प्रदेश को दिए 34 विशेषज्ञ चिकित्सक

नदीम अंसारी

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि अब जुड़ गई है। मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई एडमिशन लेने वाले पहले बैच के चिकित्सकों ने विषय विशेषज्ञता हासिल कर ली है। कॉलेज से पढ़ाई कर विभिन्न विषयो से स्नातकोत्तर की परीक्षा देने वाले 36 में से 34 चिकित्सकों ने सफतला हासिल की और अब ये विशेषज्ञ चिकित्सक प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे। इस उपलब्धि से कॉलेज प्रबंधन में भी हर्ष का माहौल है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस के बाद स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु अनुमति मिली थी। एनएमसी से अनुमति मिलने के बाद कॉलेज में 2022 में पीजी के पहले बैच ने एडमिशन लिया था। मान्यता मिलने के बाद पहले बैच की पढ़ाई मेडिकल कॉलेज में निरंतर रूप से जारी रही। कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों के साथ चिकित्सकों ने एनाटॉमी, निश्चेतना, नाक-कान-गला रोग, मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र, हड्डी रोग, प्रिवेंटिव मेडिसिन, शिशु रोग, पैथोलॉजी, फार्मेकोलॉजी, साइकोलाजी विषयों में ऑल इंडिया व स्टेट कोटा से एमबीबीएस छात्र छात्राओं ने पढ़ाई की। तीन वर्षों तक कॉलेज में पढ़ाई करने के बाद पीजी प्रथम बैच की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कॉलेज के 36 एमबीबीएस चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। परीक्षा उपरान्त अब लगभग सभी विभागों के परीक्षा परिणाम जारी हो चुके है।



### 2 साल तक देंगे अपनी सेवाएं

मेडिकल कॉलेज से एनाटॉमी से 1, निश्चेतना से 6, नाक-कान-गला रोग से 3, मेडिसिन से 4, सर्जरी से 4, नेत्र रोग विभाग से 2, हड्डी रोग 2, प्रिवेंटिव मेडिसिन से 2, शिशु रोग विभाग से 2, पैथोलॉजी से 2 व फार्मेकोलॉजी से 2 चिकित्सकों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मेडिकल कॉलेज के नाम एक और उपलब्धी जुड़ गई है, मेडिकल कॉलेज ने एक साथ प्रदेश को 34 विशेषज्ञ चिकित्सक दिए है। परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद फिलहाल ये विशेषज्ञ चिकित्सक फिलहाल अगले दो वर्षों तक प्रदेश के अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा विस्तार

यह मेडिकल कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कॉलेज से पास होने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे। पीजी चिकित्सकों के आने से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा।

-डॉ. अविनाश मेश्राम
अधिष्ठाता

### रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला का आयोजन 7 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम खैरताल जी.एल.डी., स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

# रैबीज संक्रमण के डर को समाप्त करने गांव में लगाया गया कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर से लगे सरगवां में आयोजित निकाली पूजा के दौरान रेबीज संक्रमित बकरे की बलि देने और मांस खाने का मामला सामने आया था। इस घटना के बाद लोगों में रैबीज का संक्रमण फैलने को लेकर दहशत का माहौल था। ऐसे में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों से बात की गई और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बकरे को रैबीज संक्रमित कुत्ते द्वारा काटने की घटना को 4 महीने हो चुके है और इस दौरान बकरे में कोई असामान्य लक्षण नहीं आए थे इसलिए लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

बता दें कि शहर से लगे सरगवां में 28 दिसम्बर को निकाली पूजा का आयोजन किया गया था। इस पूजा के दौरान प्रथा के अनुसार बकरों की बली दी गई थी। गांव में एक साथ 15 बकरों की बलि देने के बाद उसके पके हुए मांस को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया था और लगभग 400 पुरुषों ने मांस का सेवन किया था। बलि के बाद यह बात सामने आई कि उनमें से एक बकरा को पागल कुत्ते ने काटा था और बकरा संक्रमित हो गया था। ऐसे में ग्रामीणों को भी रैबीज फैलने का डर सता रहा था। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। अब इस मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया।

शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर सरपंच व ग्रामीणों से बात की। इस दौरान यह बात सामने आई कि बकरे को 4 महीने पहले कुत्ते ने काटा था लेकिन उसके बाद कुत्ते में कोई संक्रमण के लक्षण नजर नहीं आए थे लेकिन ग्रामीणों में रेबीज को लेकर कई भ्रांतियां थीं। डॉ. शैलेंद्र गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीम की बातों से लोग काफी हद तक आश्वस्त हुए और दहशत कम हुई। विभाग ने मांस का सेवन करने वाले सभी लोगों की जांच सुनिश्चित की। शिविर में परामर्श और जरूरी सलाह दी गई। नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि रैबीज एक घातक संक्रमण है और रैबीज होने से मौत का खतरा रहता है इसलिए ग्रामीण डरे हुए थे। बातचीत में यह बात सामने आई कि बकरे को 4 महीने पहले कुत्ते ने काटा था और आम तौर पर 1 से 3 महीने के बीच लक्षण नजर आने लगते है लेकिन बकरे के लक्षण सामान्य थे।

### लघु व्यवसाय के लिए ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बैंक प्रवर्तित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यापार एवं व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी स्टोर, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अन्य आयजनक व्यवसायों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जाता है। व्यवसाय अनुसार न्यूनतम 1 लाख तक के ऋण प्रकरण में स्वीकृत ऋण के विरूद्ध 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार जो भी कम हो अनुदान राशि जिला अंत्यावसायी विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

# इस बार की ठंड बना रही नए-नए रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार की ठंड लगातार नए नए रिकॉर्ड बना रही है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में आंशिक वृद्धि हुई है लेकिन गलाने वाली ठंड से राहत मिल सकी है। मौसम विज्ञानी पारा में और गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में बर्फबारी बारिश होने पर एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री रिकॉर्ड किया था। बुधवार को पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है तथा न्यूनतम पारा 4.2 डिग्री तथा अधिकतम पारा 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया हैa। पारा में शीतलहर का प्रभाव रहा तथा कई क्षेत्रों में पाला जमने की सूचना है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ को काफी शक्तिशाली बता रहे हैं तथा विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत सहित आसपास के राज्यों में बर्फबारी एवं बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। बारिश एवं बर्फबारी होने पर विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जता रहे है। लंबे अरसे के बाद इस बार दिसंबर का औसत न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस बना रहा तथा 30 दिसंबर को पारा 3.5 डिग्री के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। इसके पूर्व वर्ष 1969 में दिसंबर का औसत न्यूनतम पारा 5.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इस बार 1 दिसंबर को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री रिकार्ड दर्ज किया गया था। जबकि शेष दिनों में पारा 10.0 डिग्री के नीचे स्थिर रहा।

इसके पूर्व वर्ष 2000 में ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी। जब पूरे दिसंबर न्यूनतम पारा 10 डिग्री के नीचे बना रहा। इस साल के पूर्व भी दिसंबर में कई बार पारा 5 डिग्री के आसपास रहा लेकिन तीन चार दिनों के बाद पारा में वृद्धि होने के कारण ठंड से राहत मिल जाती थी। इस बार लगातार 6 दिनों पारा 5 डिग्री के नीचे स्थिर रहा।

## पुलिस महकमे में एसपी ने किया बड़ा फेरबदल, 25 का तबादला

**जांजगीर-चांपा।** नए साल की शुरुआत के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के 9 निरीक्षकों समेत 25 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है।

इस फेरबदल के बाद कई थानों में नए थानेदार पदभार संभालेंगे, जिससे पुलिसिंग के तौर-तरीकों में भी बदलाव नजर आने की उम्मीद है। कुछ निरीक्षकों को शहरी थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि कुछ को ग्रामीण अंचलों में पदस्थ किया गया है। एसपी विजय पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक चाम्पा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता को सिटी कोतवाली जांजगीर का प्रभारी बनाया गया है। वहीं कोतवाली जांजगीर प्रभारी मणिकांत पाण्डेय को रक्षित केंद्र भेजा गया है। इधर नवागढ़ थाना प्रभारी अशोक वैष्णव को चाम्पा थाना प्रभारी बनाया गया है। पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर लाल सिन्हा अब बलौदा थाना प्रभारी के रूप में नजर आएंगे। वहीं नैला चौकी प्रभारी सावन कुमार सारथी को पामगढ थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ट्रेन की चपेट...

घटना स्थल पहुंचे और घायल गौ वंश को शहर के गौ सेवकों की मदद से बाल मंदिर प्रांगण लाया गया। वहीं दूसरी ओर जिन गौवंशों की मौत हो चुकी थी, उनके शवों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की निगरानी में जेसीबी मशीन से गड्ढ़ा खोदकर विधिवत रूप से दफनाया गया। घटना के दूसरे दिन 1 जनवरी की सुबह बैकुंठपुर के पशु चिकित्सक श्याम द्वारा घायल गौवंश का उपचार किया गया, जिसमें एक गौ वंश के पैर का ऑपरेशन कर अलग किया गया। गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने कहा कि ट्रेन से कटकर पहले ही गौ वंशों की मौत हुई थी, जिसकी जानकारी रेलवे प्रशासन ने नहीं दी। 24 घंटे बाद गौ सेवकों के पहल के बाद मामला संज्ञान में आया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2024 में 17 गौ वंशों की मौत ट्रेन से कटकर हुई थी। ऐसे मामलों से बचाव के लिए गौ सेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### लोक कला हमारी...

प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम - एकल वर्ग- प्रथम- नरसिंह अवतार का सशक्त अभिनय करने वाले अर्जुन यादव, द्वितीय- हेलमेट के प्रति जागरूकता संदेश देते हुए यमराज का किरदार निभाने वाले पूर्व पार्षद गुरूचरण सिंह, तृतीय-करें योग, रहें निरोग का संदेश देने वाली नन्हीं प्रतिभागी। समूह वर्ग में प्रथम- चिरमिरी के कलाकारों को भील आदिवासियों की शानदार प्रस्तुति के लिए, द्वितीय-दानवीर कर्ण पर आधारित समूह प्रस्तुति, तृतीय-भगवान परशुराम और कर्ण के उत्कृष्ट अभिनय के लिए है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत गुलाब कमरो, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव आदि शामिल रहे।

# कैप्सूल वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बुझा घर का चिराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने तकरीबन ढाई घंटे मुडपार मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। घटना शिवरीनारायण थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 31 दिसंबर की है। ग्राम मुड़पार निवासी गुलशन साहू शिवरीनारायण स्थित कबीर फैक्ट्री में कार्यरत था। रोजाना की तरह वह काम करने के बाद लंच करने के लिए शिवरीनारायण से अपने घर मुड़पार लौट रहा था। इसी दौरान बलौदा बाजार से डभरा की ओर जा रहे कैप्सूल वाहन सीजी-22 एजी 8186 कैप्सूल वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से गुलशन की सीजी 11-बी एम 6462 बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुलशन साहू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना शिवरीनारायण थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। लेकिन तब तक आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। युवक की असामयिक मौत से गांव में मातम पसरा हुआ था और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों का आरोप था कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन इस मार्ग पर हादसे हो रहे हैं। चक्का जाम के दौरान ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। काफी देर तक मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रहा। जिससे राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब कई घंटों की मशक्कत और प्रशासनिक समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम हटाया।

प्रशासन की ओर से पीड़ति परिवार को तत्काल राहत स्वरूप 25 हजार रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। पुलिस ने हादसे में शामिल कैप्सूल वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन चालक को भी अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में वाहन चालक की लापरवाही सामने आ रही है। इधर पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

